## महत्वपूर्ण एवं खास

### पंचायतों से बकाया राशि की होगी वसूली

**कलेक्टर ने बैठक में एसडीएम को दिए निर्देश**

बलौदाबाजार (आरएनएस)। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा है कि ग्राम पंचायतों के वर्तमान और पूर्व सरपंचों से शासकीय धन के बकाया राशि की वसूली की जाएगी। जिला पंचायत द्वारा आज संबंधित एसडीएम को इनकी सूची सौंपी गई। कलेक्टर ने इससे जुड़ी पूरी नस्ती प्रदान करते हुए संपूर्ण वैधानिक कार्रवाई करते हुए राशि वसूलने को कहा है।

### शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन 1 मार्च से

बलौदाबाजार (आरएनएस)। सत्र 2019-20 में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत प्रवेश के लिए आवेदक 1 मार्च से 30 मार्च तक ऑनलाईन आवेदन के लिए लिंक डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट इडीयूपोर्टल डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन/आरटीई/ में आवेदन भर सकते है। इसके साथ ही संस्था, नोडल अधिकारी एवं च्वाईस सेंटर के सहयोग से भी आवेदन भर सकते है। प्रवेश के संबंध में अधिक जानकारी के लिए हेल्प लाईन नंबर 011-395-89101 पर मिस्डकॉल कर सकते है।

### जवाहर उत्कर्ष योजना के तहत कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 10 मार्च को

कवर्धा (आरएनएस)। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी के लिये जवाहर उत्कर्ष योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2019-20 में कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 10 मार्च को अब प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल कैलाश नगर कवर्धा में होगा। पहले यह परीक्षा शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में निर्धारित था, जिसे व्यापम द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा केन्द्र बनाये जाने के कारण परिवर्तित किया गया। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि चयन परीक्षा के लिए केन्द्राध्यक्ष को परीक्षा के आयोजन, संपादन, पर्यवेक्षण एवं अन्य अभिवांछित सभी प्रयोजनों के लिए अधिकृत किया गया है। केन्द्राध्यक्ष को परीक्षा संपन्न होने के बाद प्रतिवेदन सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कबीरधाम को प्रस्तुत करने कहा गया है।

### टेलीफोन पर युवती से अश्लील बातचीत, रिपोर्ट दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। टेलीफोन पर फोन करके युवती अश्लील बात कर परेशान करने की रिपोर्ट आजाद चौक थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार चौबे कालोनी निवासी युवती 18 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि अमलीडीह निवासी मोबाईल फोन क्रमांक 96918-88359 का धारक रामजी साहू ने कार्यालय के टेलीफोन पर फोन कर अश्लील बात कर परेशान कर रहा था। युवक को समझाईश देने कार्यालय बुलाये जाने पर वह गाली-गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी दिया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 294,506,507 के तहत अपराध कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### निर्मित अधोसंरचना का लाभ सभी समुदायों को मिलता है - भूपेश बघेल

**साहू समाज के सम्मान समारोह एवं भवन के लोकार्पण में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

रायपुर (आरएनएस)। सामाजिक कार्यों के लिए अधोसंरचना निर्माण का लाभ केवल उसी समाज को नहीं, बल्कि सभी समुदायों को मिलता है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि सामाजिक कार्यों में योगदान देने से समाज के साथ-साथ राष्ट्र भी मजबूत होता है। सामाजिक कार्यों के लिए जब हम साथ आते हैं तो आपस में एकता की भावना मजबूत होती है। सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान मिलने-जुलने और संवाद में रचनात्मक बातें सामने आती हैं जिससे विकास के लिए बेहतर योजनाएं बनाने में मदद मिलती हैं।

### पेड़ से टकराई सूमो, सहकारी बैंक के पूर्व नोडल अफसर की मौत, तीन घायल

महासमुंद, 26 फरवरी (आरएनएस)। महासमुंद से रायपुर जा रही सूमो मंगलवार सायं करीब 7.20 पर बेलसोण्डा के पास पेड़ से टकरा गई। इससे सूमो में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। तीन व्यक्ति घायल हो गये। मृतक का नाम भोगनाथ पटेल है। वह जिला सहकारी बैंक रायपुर में मुख्य लेखा अधिकारी के पद पर पदस्थ थे। घटना में अन्य घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सलालय पहुंचाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

# शिक्षा विभाग के 43 अधिकारियों का तबादला हुआ

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों का थोक में तबादला आदेश जारी किया है। जारी सूची के अनुसार दिनेश कौशिक उपसंचालक को जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर-चांपा से प्राचार्य, डाईट, बस्तर, कुंजल सिंह तोमर उपसंचालक को प्राचार्य, डाईट नगरी, जिला धमतरी से जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर-चांपा, राकेश पाण्डे उपसंचालक को जिला अधिकारी कोरिया से प्राचार्य डाईट नगरी जिला धमतरी, संजय कुमार गुप्ता उपसंचालक को जिला शिक्षा अधिकारी, अम्बिकापुर से जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर, मनिन्द्र श्रीवास्तव उपसंचालक को प्राचार्य, डाईट नारायणपुर से जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़, आरपी आदित्य, उपसंचालक से जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ से प्राचार्य, डाईट, नारायणपुर, ए.एन.बंजारा, प्राचार्य को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर से सहायक संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर, जी.आर. चन्द्राकर, उपसंचालक को जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा से जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर, ब्रजेश बाजपेयी, प्राचार्य को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी से प्राचार्य, शाउमावि दुगली वि.खं.नगरी जिला धमतरी, टी.के. साहू उपसंचालक को लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर से जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी, प्रवास सिंह बघेल, प्राचार्य को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी, राजनांदगांव से प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग, गिरधर कुमार मरकाम को प्राध्यापक एससीआईआरटी रायपुर से जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव, ए.के. चन्द्रा प्राचार्य को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली से प्राचार्य शाउमावि पद्मपुर जिला मुंगेली, राजेन्द्र कुमार झा प्राचार्य को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी, दंतेवाड़ा से प्राचार्य, शाउमावि सोनारपाल जिला रायपुर, जयकुमार प्रसाद, उपसंचालक को प्राचार्य, डाईट, दंतेवाड़ा से जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा, जी.आर.मरावी प्राचार्य के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी, नारायणपुर से प्राचार्य शा.बा.उ.मा.वि. नारायणपुर, श्रवण कुमार सूर्यवंशी उपसंचालक को प्राध्यापक, एससीईआरटी, रायपुर से जिला शिक्षा अधिकारी नारायणपुर, एस.के.सर्राफ, प्राचार्य को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती से सहायक संचालक संभागीय शिक्षा बिलासपुर, टी.आर.साहू, प्राचार्य को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर से प्राचार्य, शा.उ.मा.वि. कोदागांव जिला कांकेर, ए.एल.मेश्राम उपसंचालक को संभागीय शिक्षा सरगुजा (अम्बिकापुर) से जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर, प्रमोद कुमार ठाकुर प्राचार्य को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बीजापुर से प्राचार्य, पोटा केबिन कन्या हाई स्कूल, बीजापुर, राजेश मिश्रा, व्याख्याता को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव से शा.उ.मा.वि. कोण्डागांव जिला कोण्डागांव, आई.पी.गुप्ता, प्राचार्य को प्रभारी जिला शिक्षा अधिाकरी बलरामपुर से सहायक संचालक, संभागीय शिक्षा सरगुजा, बी.एक्का उपसंचालक को संभागीय शिक्षा कार्यालय बस्तर (जगदलपुर) से जिला शिक्षा अधिकारी बलरामपुर, हेमंत उपाध्याय, उपसंचालक को जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग से प्राध्यापक, एससीईआरटी रायपुर, के.खटकर उपसंचालक को प्राध्यापक, एससीआरटी रायपुर से प्राचार्य डाईट रायपुर, आशुतोष चावरे उपसंचालक को जिला शिक्षा अधिकारी बालोद से उपसंचालक जिला शिक्षा अधिकारी बालोद से उपसंचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर, आर.एल. ठाकुर उपसंचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर से जिला शिक्षा अधिकारी बालोद, दुव्या समैया उपसंचालक को प्राचार्य डाईट, बस्तर से जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा, के.एल. महिलांगे उपसंचालक को संभागीय शिक्षा दुर्ग से जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम, सी.एस. ध्रुव उपसंचालक को संभागीय शिक्षा रायपुर से जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा, कृष्ण कुमार उद्देश्य उपसंचालक को राज्य कार्यालय समग्र शिक्षा, रायपुर से जिला शिक्षा अधिकारी बीजापुर, मनोज कुमार सिंह उपसंचालक को शा.शिक्षा महावि. बिलासपुर से जिला शिक्षा अधिकारी अम्बिकापुर, एन. कुजुर उपसंचालक को लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर से जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती, राजेश कुमार सिंह प्राचार्य को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर से सहायक संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर (मंत्री) के कार्या में ओएसडी के रूप में कार्य करने के लिए), पुष्पा पुरूषोत्तम प्राचार्य को शा.उ.मा.वि. कातरो, जिला दुर्ग से सहायक संचालक संभागीय शिक्षा दुर्ग, जे.शंकर प्राचार्य को वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन छग पाठ्यपुस्तक निगर रायपुर से जिला शिक्षा अधिकारी जशपुर के विकल्प पर, दिलीप कुमार राय व्याख्याता को एमआईएस प्रशासक कार्या जिला शिक्षा अधिकारी अम्बिकापुर से व्याख्याता शा.उ.मा.वि. चिंगनार वि.खं. फरसगांव, जि. कोण्डागांव, श्रीमती विनितासेन कुट्टी प्राचार्य को शाउमावि मोगरी जिला बालोद से जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग के विकल्प पर, एस.के.पंचभावे प्राचार्य को शा.उ.मा.वि मुसरा, वि.ख डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव से वि.खं.शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव।

## एसईसीएल से स्थानीय मजदूरों को निकाले जाने का मामला सदन में गूंजा

रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा में आज सदस्य डा. विनय जायसवाल ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से एसईसीएल कोल माईन्स से प्रदेश के स्थानीय मजदूरों को निकाले जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि चिरमिरी में स्थापित एस.ई.सी.एल. कोल माईन्स के द्वारा यहां 15 से अधिक वर्षों से कार्यरत छत्तीसगढ़ के स्थानीय मजदूरों को प्रबंधकों के द्वारा उनका निवास प्रमाण पत्र फर्जी होने अथवा उनके मूल निवास प्रमाण पत्र में अंकित नाम तथा माइन्स की पंजी में उनको अंकित नाम मं भिन्नता होना बताकर जबरन निकाले जाने की कार्यवाही निरंतर जारी है। छत्तीसगढ़ के सौ से अधिक स्थानीय मजदूरों से उनका रोजगार छिन गया है। माईन्स के प्रबंधकों के द्वारा उनके मूल निवास प्रमाण पत्र का स्थानीय जारीकर्ता सक्षम अधिकारी से सत्यापन कराए बगैर ही उक्त कार्यवाही की जा रही है। तथा अन्य प्रदेश के लोगों को यहां लाकर रोजगार दिया जा रहा है। जिससे स्थानीय लोग बेरोजगार हो रहे है और उनके साथ छल किया जा रहा है। तदसंबंध में मजदूरों और प्रभावितों के द्वारा अनेक अवसरों पर स्थानीय प्रशासन को माईन्स के प्रबंधकों के उक्त कृत्य की शिकायत करने के बावजूद स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इससे प्रभावित परिवार एवं माईन्स में कार्यरत तथा स्थानीय लोगों कमें रोष एवं आक्रोश व्याप्त है।

# निर्वाचन निर्बाध संम्पन्न कराने के लिए चुनौतियों को समझना जरूरी : सुब्रत साहू

### अधिकारियों ने चलाकर देखा ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीन

### सर्टिफिकेशन कोर्स के अंत में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारियों की ली गई परीक्षा

रायपुर (आरएनएस)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत साहू ने कहा है कि निर्वाचन को निर्बाध सम्पन्न कराने के लिए जरूरी है, कि अधिकारी पहले चुनौतियों को समझे। उन्होंने आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान अधिकारियों को मतदान केंद्र के चयन, मतदान दल के चयन, परिवहन, मानव संसाधन



प्रबंधन से लेकर प्रौद्योगिकी के समुचित प्रयोग पर बल दिया।

निर्वाचन की सफलता निर्वाचन अधिकारियों की समन्वय क्षमता पर निर्भर है। वे लोकसभा निर्वाचन-2019 के तहत सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के पहले समूह के सर्टिफिकेशन कोर्स के दूसरे दिन अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। रायपुर के नवीन विश्राम भवन के ऑडिटोरियम में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. एस. भारतीदासन, संयुक्त सीईओ त्रय समीर विश्नोई, डॉ. के. आर. आर. सिंह तथा श्रीमती पद्मिनी भोई साहू सहित निर्वाचन कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## प्रेग्नेंसी टेस्ट किट इस्तेमाल कर रही हैं तो रखें इन बातों का ध्यान



जब आप बच्चे की प्लानिंग कर रही हों और पीरियड तय समय पर न हों तो मन में पहला ख्याल प्रेग्नेंसी टेस्ट करने का आता है। आजकल प्रेग्नेंसी टेस्ट करने की किट लगभग हर मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध है, साथ ही इसे इस्तेमाल करना भी बहुत आसान है। इसलिए आमतौर पर महिलाएं घर पर ही प्रेग्नेंसी टेस्ट कर लेती हैं।

लेकिन क्या आपको पता है कि घर पर प्रेग्नेंसी टेस्ट करने के दौरान कौन सी सावधानियां बरतनी चाहिए, क्योंकि जरा सी भी गड़बड़ी होने पर टेस्ट के रिजल्ट सही नहीं आएंगे।

घर पर प्रेग्नेंसी टेस्ट करने से पहले इन चीजों का ध्यान रखें:

- सुबह की पहली यूरिन से ही टेस्ट सेंपल लेने चाहिए।
- यूरिन को एक साफ और सूखे कंटेनर में जमा करना चाहिए।
-टेस्ट स्ट्रिप के बीच वाले हिस्से (टेस्ट विंडो ) को न छुएं।
- टेस्ट किट के दिए गए ड्रॉपर की मदद से स्ट्रिप पर यूरिन डालें।
- 5 से 10 मिनटों के (जितना गाइड में लिखा हो) इंतजार के बाद रिजल्ट देखें।
- टेस्ट का मूल्यांकन 30 मिनट के बाद नहीं किया जाना चाहिए।

**रिजल्ट देखने का तरीका**

- अगर स्ट्रिप पर एक रंगीन लाइन आती है तो इसका मतलब है कि टेस्ट निगेटिव रहा और आप प्रेग्नेंट नहीं हैं।
- अगर दो रंगीन लाइन आती हैं तो टेस्ट पॉजिटव है मतलब आप प्रेग्नेंट हैं। इन लाइनों का रंग हल्का हो तब भी इनका वही मतलब है।

**टेस्ट का नतीजा गलत भी हो सकता है**

ऐसे कई मामले होते हैं जब प्रेग्नेंसी टेस्ट का रिजल्ट सही नहीं आता। ऐसा तब होता है जबः

- शरीर में ओवेरियन ट्यूमर हो, यह एचसीजी हॉर्मोन बनाता है और रिजल्ट पॉजिटिव आता है
- इन्फर्टिलिटी ट्रीटमेंट की दवाएं चल रही हों तब भी एचसीजी हॉर्मोन की मौजूदगी रहती है और रिजल्ट पॉजिटिव दिखता है
- कई बार डिलिवरी के बाद या गर्भपात होने के कुछ दिन बात तक शरीर में एचसीजी हॉर्मोन रहता है।

## शुद्ध पेयजल के लिए अमृत मिशन योजना में हो रही गड़बड़ियां : धर्मजीत सिंह

### मंत्री शिव डहरिया ने आश्वस्त किया वह इसकी जांच करवाएंगे

रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा के प्रश्न काल में जोगी कांग्रेस के विधायक धर्मजीत सिंह ने राज्य सरकार की रायपुरए बिलासपुर और दुर्ग में शुद्ध पेयजल के लिए चल रही अमृत मिशन योजना के नाम पर हो रही गड़बड़ियों की जांच नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया से की । धर्मजीत सिंह ने कहा कि करोड़ों की लागत से लागू की गई इस योजना का 10: भी इन तीन शहरों में सही ढंग से वह नहीं किया जा रहा उन्होंने यह भी कहा कि इस योजना में शुद्ध पेयजल के लिए वॉटर टैंक और पानी के पाइप बिछाने की जगह उस मद से सीवरेज लाइन और सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है । उन्होंने नगरीय प्रशासन मंत्री से पूछा कि नाली और सीसी रोड निर्माण का शुद्ध पेयजल आपूर्ति से क्या संबंध है ।

## पारिवारिक विवाद में युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

रुडकी (आरएनएस)। अकौढा कलां गांव में 34 वर्षीय युवक ने देर शाम जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मरने से पूर्व युवक ने सुसाइड नोट लिखकर अपने ही परिवार के कुछ लोगों पर परेशान करने का आरोप लगाया है। आरोप की वजह रास्ते का विवाद बताया गया है।

पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है। लक्सर से सटे अकौढ़ा कलां गांव के युवक अमित उर्फ बिट्टू पुत्र राजपाल का अपने ही परिवार के एक व्यक्ति के साथ खेत के रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। साथ ही मिल में बेचे गए गन्ने की पर्ची के भुगतान के बकाया पर भी दोनों के बीच तनातनी थी।

## सीआईएसएफ के जवानों ने किया रक्त दान

कोरबा (आरएनएस)। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई एसईसीएल गेवरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

सीआईएसएफ के अधिकारी एवं जवानों ने बढ़-चढ़कर रक्त दान शिविर में भाग लिया। सीआईएएफ के उप कमाण्डेट एसके झा, उमा महेश्वरन, अभय कुमार, निरीक्षक गोल्डी ऋषिपाल, अपराध एवं आसूचना प्रभारी मनोहरलाल बैरवा एवं जवान उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान उप कमाण्डेट एसके झा ने कहा कि रक्तदान ही जीवनदान है। हमारे द्वारा किय गया रक्तदान कई जिन्दगियों को बचाता है और इस बात का अहसास हमें तब होता है जब कोई हमारा रक्त के लिए जिन्दगी और मौत के बीच जूझता है।

# कलाकारों को भाषाई सीमा में नहीं बंधना चाहिए : जरीन



अभिनेत्री जरीन खान का मानना है कि कलाकारों को विभिन्न भाषा की फिल्मों में काम करने के संबंध में खुद को सीमित नहीं रखना चाहिए। वह आगामी पंजाबी फिल्म डाका में नजर आने वाली हैं। विभिन्न फिल्म उद्योगों में काम करने के बारे में जरीन ने कहा, पहले भी मैंने पंजाबी फिल्म में काम किया है। मैं समझ नहीं पाती कि लोग यह क्यों पूछते हैं, तुम एक बॉलीवुड अभिनेत्री हो फिर एक पंजाबी फिल्म में कैसे काम कर रही हो।

उन्होंने कहा, मैं एक अभिनेत्री हूं। मैं हिंदी, मराठी, पंजाबी या बंगाली फिल्मों में काम करना चाहूंगी। मुझे नहीं लगता कि किसी कलाकार के लिए भाषाई बंदिशें होनी चाहिए। अगर मुझे कोई पटकथा पसंद आती है तो फिर चाहे किसी भी भाषा में हो, मैं उस फिल्म को करूंगी।

अभिनेत्री ने पारफेट लिंजरी के प्लस साइज फैशन शो 2019 के दौरान यहां शनिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान यह कहा।

# शहरी क्षेत्रों में खुलेआम बिक रहे मांस-मटन : अजय चंद्राकर

रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा में आज भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर ने ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से शहरी क्षेत्र में खुलेआम मांस-मटन विक्रय करने तथा कसाईखाने में पर्याप्त सुविधा न होने का मामला उठाया।




श्री चंद्राकर ने अपने ध्यानाकर्षण सूचना में कहा कि स्लाटर हाउस कसाई खाना खोलने के लिए नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 (क्र.23 सन् 1956) की धारा 257 की उपधारा (2) तथा नगरपालिक अधिनियम 1961 (क्र. 37 सन् 1961) की धारा 264 की उपधारा (2) में प्रावधान है, परंतु नियम और निर्देश नहीं होने के कारण गरियाबंद सहित प्रदेश में कई स्टालर हाउस खाासकर शहरी क्षेत्र में खुले आम, खुले स्थल में जानवरों की कटाई कर रहे हैं, और स्लाटर हाउस में इंसीनरेटर नहीं लगाए गए हैं। रायपुर में तो रिहायशी इलाके के कत्ल खाने में ही इंसीनरेटर लगा दिए गए हैं तथा राजनांदगांव के इंसीनरेटर खराब है, साथ ही खुले में मांस बिक्री हो रही है, जिससे जनस्वास्थ्य और पर्यावरण को भारी खतरा उत्पन्न हो गया है, इससे जनता में काफी रोष एवं आक्रोश व्याप्त है।

# सचिन तेंदुलकर की बायोपिक में काम करना चाहते हैं अनिल कपूर

अभिनेता अनिल कपूर क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर की बायोपिक में अभिनय करना चाहते हैं। यह पूछे जाने पर कि वह कौन से खिलाड़ी में बायोपिक में काम करना चाहेंगे? इस पर अनिल ने बताया, सचिन तेंदुलकर .. क्योंकि मैं उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।

अभिनेता ने टोटल धमाल में माधुरी दीक्षित के साथ काम करने का आनंद लिया। यह सफल फ्रेंचाइजी धमाल का तीसरा सीचल है। मूल फिल्म में अरशद वारसी, जावेद जाफरी और रितेश देशमुख ने संजय दत्त जैसे सितारे प्रमुख भूमिकाओं में



नजर आए थे। इसमें अजय देवगन और बोमन ईरानी भी प्रमुख भूमिका हैं। फॉक्स स्टार स्टूडियोज, अजय देवगन एफफिल्म्स, अशोक ठकेरिया, कुमार, अधिकारी ब्रदर्स, आनंद पंडित, संगीता अहीर और कुमार मंगत पाठक द्वारा सह-निर्मित फिल्म शुक्रवार को रिलीज हुई।

माधुरी के साथ काम करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मुझे ऐसा लगा कि एक भी दिन नहीं बिता है। एक साथ काम धमाकेदार रहा।

वह हमारी इंडस्ट्री की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2019 को लेकर भी उत्साहित हैं, जो 23 मार्च से शुरू होगा।

उन्होंने कहा, मैं आईपीएल के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरी पसंदीदा टीम मुंबई इंडियंस है लेकिन मैं क्रिकेट को खेल की भावना से देखना पसंद करता हूं।